<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 10/08/2024

थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के ट्रक का चेचिस नंबर प्लेट व नगदी बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ0 बीनू सिंह के पर्यवेक्षण में थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 10.08.2024 को मैनुअल एन्टेलीजेन्स के आधार पर मु0अ0सं0 229/2024 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित 01 शातिर चोर जावेद खाँ पुत्र भोन्दा खाँ निवासी वार्ड नं0 4 रसूलपुर स्वार थाना स्वार जनपद रामपुर को उमरा चौराहे के पास फैक्ट्री एरिया से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से 01 चेचिस नंबर लिखा हुआ लोहे की प्लेट व 1,68,170/- रूपये तथा 01 अदद मोबाइल फोन (सैंमसंग), 01 आधार कार्ड, 01 अदद पैन कार्ड व एटीएम कार्ड बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता की बढोत्तरी की गयी।

पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा दिनांक 18.07.2024 को ग्राम उमरा चौराहा, कुर्सी से ट्रक चोरी करना स्वीकार किया गया है तथा चोरी किये गये ट्रक को हरदोई रोड पर कबाड़ की दुकान पर 2,00,000/- रूपये मे बेचा बताया है।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

1. जावेद खाँ पुत्र भोन्दा खाँ निवासी वार्ड नं0 4 रसूलपुर स्वार थाना स्वार जनपद रामपुर

<u>बरामदगी-</u>

1. 01 चेचिस नंबर लिखा हुआ लोहे की प्लेट
2. 1,68,170/- नगद रूपये
3. 01 अदद मोबाइल फोन (सैंमसंग)
4. 01 आधार कार्ड, अदद पैन कार्ड व एटीएम कार्ड

<u>पुलिस टीम-</u>

1. श्री गजेन्द्र प्रताप सिंह थानाध्यक्ष कुर्सी, बाराबंकी ।
2. उ0नि0 श्री सुरेश गुप्ता थाना कुर्सी, बाराबंकी।
3. का0 सुजीत सिंह थाना कुर्सी, बाराबंकी।